## खबर संक्षेप

### लोकतंत्र के मंदिर पर माथा टेक शहडोल सांसद ने ली शपथ



**शहडोल।** सोमवार को संसदीय क्षेत्र की नवनिर्वाचित महिला सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने नये संसद भवन में लोकसभा सदस्य की शपथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य सांसदों के साथ ली। गौरतलब है कि श्रीमती हिमाद्री सिंह इससे पहले वर्ष 2019 में शहडोल ससंदीय क्षेत्र की सांसद चुने जाने के बाद एक बार पहले भी शपथ ले चुकी हैं। शहडोल जिले के इतिहास में श्रीमती सिंह पहली महिला सांसद हैं, जिन्होंने दूसरी बार लोकसभा सदस्य की शपथ ली है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत



**मानपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटेहरा में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई है। बताया जाता है कि महिला केशकली पति शिवकुमार साहू निवासी ग्राम पटेहरा अपने बाड़ी में काम कर रही थी, इसी दौरान रिमझिम बारिश होने लगी, जिस पर वह घर आ गई और कुछ ही समय के अंतराल बाद निस्तार के लिए बाहर निकली थी, जहां घर से कुछ दूर आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में महिला आ गई, जिसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया गया, जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। वहीं शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।

### भाजपाईयों ने मनाई डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि



**मानपुर।** राष्ट्र की एकता व अखंडता को अपने बलिदान से सींचने वाले महान चिंतक शिक्षाविद् भाजपा की आधार शिला रखने वाले आदर्श व्यक्तित्व परम श्रद्धेय डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्य तिथि पर मानपुर मंडल के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया , जिसमें मुख्य रूप से मानपुर विधानसभा के संयोजक वरिष्ठ नेता रमेश प्रसाद मिश्रा, हरीश विश्वकर्मा, मानपुर मंडल के अध्यक्ष नागेंद्र पटेल, मंडल महामंत्री द्वय सुरेश तिवारी, रामपाल सिंह, मंडल मंत्री ज्ञानी चौधरी, राम निधि शुक्ला, श्रवण कुमार साहू, पटेहरा सरपंच अजय सिंह, माला सरपंच जमुना प्रसाद बैगा, राम विनोद पटेल, अनुराग पटेल, राम बल पटेल, आसू यादव, रवि शंकर पटेल, अमृत लाल चौधरी, संजय पटेल, जमुना प्रजापति एवं सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं का उपस्थित रहे।

### सहायता राशि के लिए भटक रहे पिता

**मानपुर।** जनपद मुख्यायल में रहने वाले 3 वर्षो से सहायता राशि के लिए दर-दर भटक रहे हैं, मृतक दीपक के अपाहिज पिता जनता के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी योजनाओं का धरातल पर आज भी क्रियान्वन कराने में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, वही देखा जाए तो सत्ता का सुख भोग रहे, सत्ताधारी नेता भी सिर्फ चुनाव के समय जनता के बीच जाते है और चुनाव बीत जाने के बाद जनता के दुःख दर्द से उनका कोई सरोकार नहीं रहता, मामला मानपुर नगर परिषद का है, जहां 3 वर्ष पहले मानपुर निवासी दीपक गुप्ता, विमल गुप्ता,रामकिशोर पटेल की रमदहा जल प्रपात जिला कोरिया छत्तीसगढ़ में 19 मार्च 2022 को नहाते हुए डूब कर मृत्यु हो गई थी, किंतु आज दिनांक तक मृतक का अपाहिज पिता कुंज बिहारी गुप्ता को शासन द्वारा मिलने वाली सहायता राशि के लिए दर-दर भटक रहा है।

# जनता से मुंह छुपाकर घूम रहे कांग्रेस-भाजपा नेता

## एक वर्ष पहले कलेक्टर के नाम सौंपा था ज्ञापन

**मामला जयसिंहनगर बस स्टैण्ड से शराब दुकान हटाने का**

2023-24 वित्तीय वर्ष में वर्षो से जयसिंहनगर बस स्टैण्ड पर स्थित शराब दुकान को हटाने के लिए कांग्रेस-भाजपा दोनों ही दलों के साथ स्थानीयजनों ने इसे उठाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी, ज्ञापन भी सौंपे गये, लेकिन 23-24 वित्तीय वर्ष 2024-25 का ठेका भी शुरू हुए 3 माह हो गये, उसी स्थान पर आज भी शराब दुकान संचालित है।




शहडोल।

जिले के जयसिंहनगर बस स्टैण्ड पर संचालित शराब दुकान को हटाने की आमजन की मांग को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी बीते वर्ष सडक़ पर उतर आई थी, वहीं दूसरी तरफ पूर्व में भी इस मामले का विरोध कर चुकी भाजपा की स्थानीय इकाई ने भी कलेक्टर को ज्ञापन देकर दुकान हटाने की मांग की थी, कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष आदेश शुक्ला सहित भाजपा के मण्डल अध्यक्ष रामनारायण पाण्डेय और दोनों ही दलों के दर्जनों पदाधिकारी 10 जुलाई 2023 को बस स्टैण्ड पर मौजूद रहे, भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दलों के स्थानीय मुखिया दल-बल के साथ एक मांग को लेकर साथ खड़े नजर आये थे, लेकिन जिले में नौकरशाही कितनी हावी है, यह देखा जा सकता है कि आबकारी विभाग और जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता लिया, वहीं यह बात भी सामने आई कि दोनों ही दलों के स्थानीय मुखिया ने आमजनों के सामने दुकान हटाने को लेकर ताल तो ठोकी, लेकिन बाद में किसी नेता ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

**यह लिखा दोनों के ज्ञापन में**

भाजपा मण्डल अध्यक्ष सहित मण्डल उपाध्यक्ष, महामंत्री व स्थानीय पार्षदों ने कलेक्टर को लिखे ज्ञापन में उल्लेख किया था कि बस स्टैण्ड में स्थित शराब दुकान शिव मंदिर से 5 मीटर तथा सीएम राईज विद्यालय से 25 मीटर दूरी पर स्थित है, शासन के निर्देशानुसार शराब की दुकान इन दोनों से लगभग 100 मीटर दूर होनी चाहिए, कांग्रेस की ओर से ब्लाक अध्यक्ष आदेश शुक्ला ने भी हूबहू यही तथ्य कलेक्टर को दिये ज्ञापन में उल्लेखित किया था, साथ ही नेताओं ने यह भी बताया कि यदि इस बार जिला प्रशासन ने शराब दुकान को हटाने की कार्यवाही शीघ्र नहीं की तो, इस मामले में वृह्द आंदोलन किया जायेगा, लेकिन एक साल बाद दुकान जहां की तहां है, लेकिन खुद को हिन्दुओं का मसीहा बताने वाली भाजपा के नेता और जनता का हितैषी बताने वाली कांग्रेस के नेता इस ज्ञापन को भूल चुके हैं।

**सालों से चल रहा असफल विरोध**

जयसिंहनगर ब्लाक मुख्यालय में मंदिर और विद्यालय के समीप शराब दुकान एक या दो वर्षो से नहीं बल्कि बीते कई वर्षो से स्थित है, स्थानीयजनों के अलावा दोनों ही दलों के प्रतिनिधि पहले भी आंदोलन कर चुके हैं, लेकिन शराब कारोबारी और आबकारी विभाग के आगे उनका आंदोलन या विरोध कभी सफल नहीं हुआ, 10 जुलाई 2023 को जिस तरह दोनों ही दलों के प्रतिनिधियों ने आमजनों के सामने न सिर्फ दुकान हटाने का संकल्प लिया था, बल्कि एक साथ कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था।

**मुख्यालय तक नहीं पहुंचती आवाज**

भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों के ही संगठन व सत्ता में जयसिंहनगर का अहम योगदान रहा है, बावजूद इसके स्थानीयजनों की मांग और ब्लाक व नगर के नेताओं की आवाज मुख्यालय में बैठे जिलाध्यक्षों तक शायद ही कभी पहुंची हो, हालाकि घटना क्रम का दूसरा पहलू यह भी है कि मुख्यालय में बैठे बड़े नेता कभी भी ब्लाक स्तर के इन नेताओं व पदाधिकारियों की मांगों को वजन नहीं देते, इसी कारण ब्लाक से मुख्यालय आते-आते मुद्दे या तो ठण्डे पड़ जाते हैं या फिर बड़े नेता खुद प्रशासन व शराब ठेकेदारों से संबंधों के फेर में आवाज को गुम कर देते है।

## विधायक के सौजन्य से रामपुर को मिला टैंकर




शहडोल।

किसान नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा द्वारा बताया गया कि रामपुर बटुरा खुली खदान के कारण कई तरह के फायदे तो उससे कई गुना नुकसान हुआ, नुकसान के मायने अगर नियम कानून शर्त जो लागू है, पुनर्वास एवं पुनरिस्थापना, रोजगार, उपलब्ध हो तो, फायदे कुल मिलाकर पीने की पानी भी नसीब नहीं हो रहा है , एसईसीएल द्वारा टैंकर में पानी वितरण किया जा रहा है, लेकिन ऊंठ के मुंह में जीरा जैसे हाल है, जहां 10 टैंकर पानी चाहिए, वहां 4 में काम चलाना पड़ता है और तो और स्कूल में मध्यान भोजन बच्चों को खिलाना है, बच्चे भूखे नहीं रहे। वहां 2-3 डिब्बे में काम नहीं चलता, टैंकर भर पानी चाहिए, थक हार कर सरपंच, जनपद सदस्य सहित एक टीम विधायक जयसिंह मरावी से मुलाकात कर उन्हें जानकारी दी कि पानी-पीने की समस्या है, कुछ हम कर ही ले तो कैसे कर ले, पैसे में रोक लगा है, उन्होंने सहजता से पूछा मय क्या मदद करूं। सभी ने एक स्वर में एक टैंकर मिल जाए तो, स्कूल में बच्चों को पानी दे सकें, उन्होंने ने तुरंत ही दूरभाष पर किसी अधिकारी को रामपुर में एक टैंकर जल्दी चाहिए, यह पहली घटना है कि एक सप्ताह के अन्दर रामपुर पंचायत को टैंकर उपलब्ध हुआ।

## जल गंगा संवर्धन कैचमेन्ट, ट्रीटमेन्ट कार्य सिद्धबाबा नाला का विधायक ने किया भूमि पूजन

शहडोल।



जनपद पंचायत जयसिंहनगर अन्तर्गत ग्राम पंचायत कतिरा मे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम अन्तर्गत प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल गंगा संवर्धन कैचमेन्ट, ट्रीटमेन्ट कार्य सिद्धबाबा नाला का विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने 14.91 लाख रूपये की लागत से भूमि पूजन किया गया। उक्त कार्य की स्वीकृति से वर्तमान में 5000 घन मीटर भराव क्षमता वाले नाला क्लोजर जो कि वहां आने वाले श्रद्धालुओ के स्नान एवं पूजन के लिए उपयोग होता है, उक्त कार्य के निर्माण से 10000 घन मीटर भराव क्षमता में वृद्धि होगी। गौरतलब है कि जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत सिद्धबाबा आश्रम चूदी नंदी के तट पर स्थिति है, जो कि जयसिंहनगर एवं आस-पास के क्षेत्र के लोगो की आस्था का केन्द्र है वहां पर स्थिति नाला के संबर्धन एवं कैचमेन्ट के ट्रीटमेन्ट के कार्य की लम्बे अरसे से स्थानीय जनप्रतिनिधियो एवं श्रद्धालुओ द्वारा मांग की जा रही थी उक्त मांग को दृष्टिगत रखते हुये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन के भ्रमण के दौरान उक्त धार्मिक स्थिल को विकसित किये जाने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर अशोक मरावी को निर्देश दिये गये थे। जिसके पालन मे उक्त कार्य की स्वीकृति प्रदाय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर अशोक मरावी द्वारा दी गई। इस अवसर पर समाजसेवी कमल प्रताप सिंह, सीईओ जनपद अशोक मरावी, श्रीमती मालती सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत जयसिंहनगर, अरूण गौतम अध्यक्ष अन्त्योदय समिति जनपद जयसिंहनगर, श्रीमती कलावती कोल सरपंच ग्राम पंचायत कतिरा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सेवा दिवस के रूप में मनाया गया प्रांतीय अध्यक्ष का जन्म दिन




**उमरिया।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष एवं प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता का जन्म दिवस जिला मुख्यालय पर उमरिया इकाई के माध्यम से सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। सोमवार को जिला चिकित्सालय उमरिया में वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी प्रवीण गुप्ता, जिला अध्यक्ष कीर्ति कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, महिला जिला अध्यक्ष सोनम गुप्ता एवं युवा इकाई के अध्यक्ष सनी गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति में मरीजो को फल वितरण कर जन्म दिन मनाया गया। जिला चिकित्सालय में ब्रेड, दूध, केले और बिस्कुट वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कीर्ति कुमार सोनी ने कहा कि मध्य प्रदेश में राजनीतिक संगठनों के बाद यदि सबसे बड़ा कोई संगठन है तो वैश्य महासम्मेलन का संगठन है और इस संगठन को बनाने में प्रांतीय अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता का योगदान है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कीर्ति कुमार सोनी, प्रवीण गुप्ता, श्रीमती सोनम गुप्ता, श्रीमती नेहा गुप्ता,सनी गुप्ता,आर.के.गुप्ता, कृष्णा गुप्ता,पवन गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल ,सचिन गुप्ता, मनोज गुप्ता ,विवेक गुप्ता उपस्थित रहे।

### राजस्व निरीक्षक-पटवारी मांग रहे जमीन नापने के पैसे

**मानपुर।** जमीन के सीमांकन, नामांतरण और बंटवारा जैसे काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं, जिससे लोगों को महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं। दूसरे विभागों की तरह राजस्व विभाग में भी सिटीजन चार्टर बना है, यानि किस काम के लिए कितना वक्त लगेगा, यह तय है, लेकिन तय समय पर काम नहीं हो रहे हैं। आरआई, पटवारी, समय पर काम नहीं कर रहे हैं। जमीन संबंधी कार्य के लिए जिम्मेदार राजस्व विभाग में मामले महीनों से लंबित हैं। ज्यादातर मामले नामांतरण और सीमांकन के मामले हैं। मोहन सरकार सरकार आम लोगों के कामों निपटाने शिविर लगवा रही है, पखवाड़े मनाए जाते हैं, लेकिन दफ्तर में अफसर-कर्मचारी काम को समय पर पूरा करने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। तहसील कार्यालय में शहर के अलावा दूर दराज के गांवों से लोग सीमांकन, नामांतरण, नकल, प्रमाण पत्र सहित दूसरे कामों के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं।

# बाढ़ एवं आपदाओं से बचाव हेतु बनाएं कार्य योजना: कलेक्टर

## आबकारी विभाग खुले में मदिरा के विक्रय पर लगाए अंकुश: कलेक्टर

**सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता से करें निराकरण: कलेक्टर**

**नगरपालिका अधिकारी शहडोल एवं खांड को कारण बताओ नोटिस जारी**

शहडोल।

कलेक्टर तरूण भटनागर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बारिश के कारण पानी की शुद्धता में आई कमी से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि अशुद्ध पानी पीने की वजह से बीमारी न हो इसके लिए पानी की सतत रूप से जांच करना आवश्यक है। कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने निर्देश दिए कि जिले मे पानी की शुद्धता की जांच सतत रूप से करना सुश्चित करें, एवं पानी को पीने योग्य बनाने हेतु कार्यवाही करें। उन्होनें समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अशुद्ध पानी एवं बरसात की वजह से होने वाले संक्रामक रोगों से बचाव हेतु टीम तैयार करें एवं सूचना मिलने पर मरीज को तत्काल उपचार मुहैया कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर, नर्स समय पर उपस्थित रहें एंव पर्याप्त मात्रा मे दवाईयां उपलब्ध हों इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री तरूण भटनागर आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

**कारण बताओ नोटिस जारी-** बैठक में कलेक्टर श्री भटनागर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में बिना अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित रहनें पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल अक्षत बुंदेला एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी खांड दिनेश जागीर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है एवं निर्देश दिए हैं कि कोई भी अधिकारी बिना अवकाश स्वीकृत कराए मनामाने तौर पर अनुपस्थित नहीं रहेंगे।

**सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा-** बैठक में कलेक्टर तरूण भटनागर ने सीएम हेल्पलाइन की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में आई शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करनें एवं डी ग्रेड में आने वाले समस्त विभागों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। उन्होनें समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में सभी विभाग ए ग्रेड में आने के लिए लक्ष्य



बनाएं एवं कार्य करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ताओं से संवाद करें एवं संतुष्टिपूर्वक शिकायत बंद कराना सुनिश्चित करें।

**पीएम जन मन एवं पीएम किसान की समीक्षा-** कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम जनमन के तहत आयुष्मान आधार एवं जाति प्रमाण पत्र आवेदन लंबित न रहे। उन्होंने समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए की पीएम जन मन के तहत आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र को समय सीमा में बनाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री भटनागर ने पीएम किसान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की किसानों के ई- केवाईसी का कार्य लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि किसानों के बैंक खातों के ई-केवाईसी करने हेतु तहसीलदार पटवारी एवं आरआई के साथ फील्ड पर जाएं एवं ई केवाईसी का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं। उन्होंने समस्त तहसीलदार को निर्देश दिए कि ई केवाईसी हेतु रोस्टर तैयार करें एवं डोर टू डोर जाकर ई केवाईसी के कार्य को करना सुनिश्चित करें तथा प्रतिदिन की गई कार्यवाही की जानकारी प्रेषित करें।

**कलेक्टर ने की आबकारी विभाग की समीक्षा-** कलेक्टर ने आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में जहां पर भी बिना लायसेंस के मदिरा का विक्रय किया जा रहा है, उस पर रोक लगा कर प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में जितनी लायसेंस युक्त मदिरा दुकाने हैं वे अपने निर्धारित नियत समय से ज्यादा न खुले यह सुनिश्चित करें ।

**महिला एवं बाल विकास-** बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं कि जिले में जितने भी आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण हो रहा है, उनका गुणवत्ता पूर्वक निमार्ण किया जाए। उन्होनें जिले में संचालित आंगनवाडी केन्द्रों की भी जानकारी ली। जिस पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने जानकारियों से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में कुल 1622 आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित हैं, जिनमे से 128 आंगनवाडियां भवनहीन हैं। जिस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि भवनहीन आंगनवाड़ी का आप भवन हेतु एक बार पुनः निरीक्षण करें एवं निमार्णाधीन आंगनवाड़ी भवनों का तेजी से निर्माण कराएं तथा नए आंगनवाड़ी भवन के लिए प्रस्ताव बनाकर कार्यालय में प्रेषित करें।

**दीक्षा आरंभ कार्यक्रम की ली जानकारी-** बैठक में कलेक्टर ने जिले में बुढार अंतर्गत पी.एम.एक्सीलेंस कालेज बुढ़ार में 01 जुलाई को आयोजित दीक्षा आरंभ कार्यक्रम की भी जानकारी ली। जिस पर पी.एम. एक्सीलेंस कालेज बुढ़ार के प्रोफेसर ने दीक्षा आरंभ कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर ने पी.डब्ल्यू.डी. के अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि पी.एम. एक्सीलेंस कालेज के निर्माण एवं फिनिसिंग का कार्य 25 जून तक सम्पन्न कर लें। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर को निर्देश दिए हैं कि वे पी.एम. एक्सीलेंस कालेज बुढ़ार में 01 जुलाई को होने वाले दीक्षा आरंभ कार्यक्रम की तैयारियों को देखें एवं आवश्यक दिशा निर्देश दे।

**बाढ़ एवं आपदाओं से बचाव हेतु रहें सतर्क-** बैठक में कलेक्टर ने समस्त जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए हैं ऐसे चिन्हित गांव जहां बाढ़ आने की संभावना हो सकती है। उन गांवों का प्राथमिकता से एक बार भ्रमण कर स्थिति की जानकारी लें तथा बाढ़ आने पर उनके लिए बचाव की तैयारियों के संबध में भी कार्य योजना बना लें, ताकि अचानक आपदा आने पर तत्काल बाढ़ पीड़ितो को सुविधा प्रदान की जा सके। इसके साथ ही उन्होनें निर्देश दिए कि बारिस के कारण किसी भी कालोनी, मोहल्ले, पुलिया एवं घरों में बरसात का पानी न रूके इसके लिए भी तैयारी कर लें। उन्होनें निर्देश दिए हैं कि ऐसे कालोनी, मोहल्ले, पुलिया जहां बरसात के पानी रूकने की संभावना हैं उन्हें चिहिन्त कर तत्काल सुधार करानें की कार्यवाही करे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि ऐसे पुल जिनमें बरसात में पानी गिरने के कारण पानी पुल के ऊपर से जाने की संभावना होती हैं ऐस पुलों के पास संकेतक बोर्ड अवश्य लगाएं जिससे राहगीरों को पानी भरने की सूचना मिल सके।

**पशुपालन विभाग की समीक्षाः-** बैठक में कलेक्टर ने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में जितने भी गौशालाएं निर्माणाधीन हैं उनका 31 जुलाई तक निर्माण सम्पन्न कराएं। उन्होनें समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देश दिए हैं कि वें निर्माणाधीन गौशालाओं की मानीटरिंग करें एवं तेजी से निर्माण संपन्न कराएं। इसी प्रकार कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, वित्त विभाग, श्रम विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

**खबर संक्षेप**

## राजस्व अधिकारी राजस्व वसूली में लाएं तेजीः कलेक्टर



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में राजस्व अनुविभागवार राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप प्रथम त्रैमास की वसूली सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी को मासिक राजस्व वसूली के लक्ष्य दिए जाएं तथा उन्हें पूरा कराया जाए। लक्ष्य प्राप्त नही करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम पाली टी आर नाग, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## युवाओं ने वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर किया नमन



**उमरिया।** चन्देलों की बेटी थी, गौंडवाने की रानी थी, चण्डी थी, रणचण्डी थी, वह दुर्गावती भवानी थी।अपनी अंतिम सांस तक मुगलों को नाकों चने चबवाने वाली, अदम्य साहस और शौर्य की प्रतीक, महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा उमरिया रेलवे चौराहे पर स्थापित वीरांगना रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा पर माला अर्पण कर एवं नारे बाजी करके उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि शेरनी थी वह इस माटी की, जिससे हर दुश्मन थर्राते थे! शत्रु भी जिसकी जय बोल उठे,वह वीरांगना दुर्गावती थी। महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं।उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती भारत की उन वीरांगनाओं में से एक हैं, जिन्होंने अपने शौर्य और साहस से वीरता एक नई इबारत लिखी। रानी दुर्गावती ने किसी के आगे घुटने नहीं टेके और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। उनका साहस और बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।रानी दुर्गावती गोंडवाना अंचल ही नहीं पूरे देश की शान थीं। उनका शौर्य आज भी अनुकरणीय और नारी शक्ति के गौरव व गरिमा का प्रतीक है।वर्तमान जबलपुर उनके राज्य का केंद्र था। रानी ने 16 वर्ष तक इस क्षेत्र में शासन किया। इनके कुशल प्रशासक और शौर्य के चर्चे अधिक थे। 24 जून, 1564 को वह युद्धभूमि में लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुईं। इनके संघर्षों से आज की युवा पीढ़ी और बालिकाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है।इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता नितिन बशानी, हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,शिखा बर्मन,राहुल सिंह,सरिता तिवारी,वैष्णवी बर्मन, श्रीराम तिवारी एवं सभी उपस्थित रहे।

## खस्ताहाल सड़क से आवागमन कष्टदायी

**बड़वाराः** जर्जर सड़क राहगीरों, वाहन चालकों के लिए कष्टदायी बनी हुई है। पीडब्लूडी के जिम्मेदार अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते पथवारी मार्ग में जगह जगह सड़क में दरारें आ गई हैं एवम अंडर ब्रिज के ऊपर से सड़क विभाग की लापरवाही के कारण जगहजगह पर भारी भरकम हुए गड्ढे बन गए है जो कभी भी किसी भी अप्रत्याशित घटना को अंजाम दे सकते हैं। गौरतलब यह है कि ग्राम पथवारी में रेलवे अंडर ब्रिज के ऊपर भारी गड्ढा होने के कारण कभी भी भारी दुर्घटना हो सकती है इस गड्ढे के कारण आए दिन अभी छोटी-मोटी दुर्घटना हो रही है लेकिन किसी दिन दुखद हादसा भी हो सकता है।

### औचित्यहीन बना सरवारी का स्वच्छता परिसर

# पंचायत ने ही कैद किया सामुदायिक शौचालय

गांवों में लाखों रुपये की लागत से बनाए गए सामुदायिक शौचालयों में ताला लटक रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों की मुश्किलों को आसान बनाने के लिए भारी भरकम बजट खर्च कर बनाए गए इन शौचालयों का लाभ किसी को नहीं मिल पा रहा है।





शहडोल

स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले की पांचो जनपदों की ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय बनाए गए हैं। इसमें लगभग सभी अधूरे पड़े या इन सामुदायिक शौचालयों में ताला लटक रहा है, अधिकारियों की ओर से दलील दी जा रही है कि सामुदायिक शौचालयों को समूहों को सौंप दिया जायेगा, जिनके साफ-सफाई व संचालन की जिम्मेदारी उन्हीं की है। हालांकि ऐसा हो नहीं रहा है। अधिकांश गांवों में बने सामुदायिक शौचालयों में ताला लटक रहा है। इससे आस-पास के लोग इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित हैं।

### यह है मामला

जयसिंहनगर जनपद की सरवारी ग्राम पंचायत में लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण अब किसी काम का नहीं रह गया है, स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत सरवारी में स्वच्छता परिसर बनवाए गया हैं, लेकिन हकीकत यह है कि वर्षो बाद भी सामुदायिक शौचालय अपने शुरू होने की बाट जोह रहा है, जिस वजह से ग्रामीण आज भी खुले में शौच करने जा रहे हैं। लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए स्वच्छता परिसरों का लाभ ग्रामीणों को अब तक नहीं मिला है। क्योंकि स्वच्छता परिसर को शुरू करने के लिए यहां न तो सफाई कर्मचारी की व्यस्था है और न ही पानी का इंतजाम किया गया है। यही वजह है कि, लाखों रुपये की लागत से बनकर तैयार हुए स्वच्छता परिसरों पर ताले लटके हैं, संभवतः अब तो ऐसा लगता है कि जो ताले सामुदायिक शौचालय में लगाये गये हैं, उस ताले की चाभी भी खो गई होगी।

### बना दी शौचालय के सामने बाऊण्ड्री

सरवारी ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय का निर्माण की शुरूआत बड़ी तेजी से किया गया, उक्त शौचालय लेकिन आज भी अधूरा पड़ा है, सचिव की माने तो उक्त सामुदायिक शौचालय किसी कमलेश नामक व्यक्ति द्वारा पास कराया गया था, खबर है कि ऑफ रिकार्ड पंचायत में ठेकेदारी कथित कमलेश नामक व्यक्ति द्वारा की जाती है, इसके साथ ही पंचायत में रोजगार सहायक नही रहने के दौरान कम्प्यूटर का काम भी उक्त व्यक्ति द्वारा किया जाता था, वर्तमान में सामुदायिक शौचालय के सामने लाखों की लागत से बाउण्ड्री बनाकर सामुदायिक शौचालय को पंचायत के अंदर कर लिया गया, जिससे यह तो साफ होता है कि अब यह सामुदायिक शौचालय स्थानीय लोगों के लिए नहीं रह गया।

### नुकसान का जिम्मेदार कौन

सामुदायिक शौचालय के सामने बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य किया गया है, पंचायत द्वारा सामुदायिक शौचालय चालू करने के लिए बाउण्ड्री को तोडऩा पड़ेगा, लेकिन अगर बाउण्ड्रीवॉल तोड़ा जाता है तो, यह पैसा किसकी जेब से लगेगा, या फिर पंचायत बनाने और तोडऩे दोनों का खर्च वहन करेगी, इससे यह साफ होता है कि बाउण्ड्रीवाल निर्माण के दौरान तकनीकी जानकार कोई मौजूद नहीं था, सचिव, सरपंच सहित उपयंत्री की लापरवाही के चलते सामुदायिक शौचालय बाउण्ड्री के अंदर कैद हो चुका है।

### इनका कहना है

बाउण्ड्री के अंदर सामुदायिक शौचालय हो गया है, यह सही है, बाउण्ड्रीवाल के निर्माण के दौरान मैं मौजूद नहीं था, बाहर गया हुआ था, इस दौरान कमलेश, सरपंच ने मिलकर जल्दी बाउण्ड्री उठा डाली, अब बाउण्ड्री तोडक़र या काटकर रास्ता बनाया जायेगा।

**दीनबंधू प्रजापति**
**सचिव**
ग्राम पंचायत सरवारी

मामला संज्ञान में नहीं है, उपयंत्री को कल ही भेजकर जांच करवाई जायेगी।

**अशोक मरावी**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
जनपद पंचायत जयसिंहनगर



## श्रमिक कॉलोनी में खुले सेफ्टी टैंक, बढ़ रहा दुर्घटनाओं का डर

**शहडोल।** जिस कॉलोनी में बड़ी संख्या में कालरी के अधिकारी डॉक्टर निवास करते हैं, उस कॉलोनी में जिस तरह से आज समस्याएं हैं, उसे लेकर कई सवाल उठाते हैं, इतना ही नहीं इसी कॉलोनी में एरिया महाप्रबंधक का भी बंगला है और ऐसे में समस्याओं की तरफ सिविल विभाग का ध्यान ना दिया जाना समझ के परे ही कहा जा सकता है। धनपुरी बुढार केंद्रीय चिकित्सालय के पीछे कि यह कॉलोनी जहां पर बड़ी संख्या में नर्स भी निवास करती हैं और उन्हें सबसे अधिक समस्याओं से परेशान होना पड़ रहा है, क्योंकि इस कॉलोनी में अगर देखा जाए तो, बड़ी संख्या में खुले सेफ्टी टैंक नजर आते हैं, जो हर समय बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण देते हैं, वैसे भी अगर देखा जाए तो, यहां पर खुले सेफ्टी टैंक के कारण कई बार गाय गिर चुकी हैं, इसके बाद भी इन्हें बंद करने की दिशा में किसी तरह का ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकि लगातार इसे लेकर शिकायतें भी की जा रही है, लेकिन इन शिकायतों को पूरी तरह से अनसुना किया जा रहा है। खुले सेफ्टी टैंक होने के कारण इससे उठने वाली बदबू सबसे अधिक परेशानी का कारण बनती है, हालात ऐसे हो जाते हैं की घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाता है, पूर्व में यह बात कही जा रही थी कि यहां पर जो खुले सेफ्टी टैंक है, जल्दी उनके सुधार का काम होगा , लेकिन ऐसा देखा नहीं जा रहा है, सिविल विभाग कॉलोनी में विकास को लेकर तो बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन कॉलोनी में विकास के काम किस तरह से हो रहे हैं, यह तो वहां का निरीक्षण करने के बाद ही पता चलता है, हर साल करोड़ों रुपए कॉलोनी के रखरखाव में खर्च हो जाते हैं , लेकिन समस्याएं जस की तस नजर आती है, आज इस कॉलोनी में जहां बड़ी संख्या में अधिकारी भी निवास करते हैं, इसके बाद भी यहां की समस्याओं पर ध्यान न दिया जाना सिविल विभाग की उदासीनता को बताता है, लोगों ने एरिया महाप्रबंधक से ध्यान देने की मांग की है।

## खनिज विभाग की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न

**उमरिया।** जिले मे गौण खनिज के अवैधानिक उत्खनन, परिवहन तथा संग्रहण को रोकने के लिए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में खनिज विभाग की जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई । कलेक्टर ने कहा कि जिले में जिन खदानो से अवैध खनिज का परिवहन , उत्खनन एवं संग्रहण हो रहा है, उन खदानो को शासकीय खदान घोषित किया जाए। इसके लिए खनिज, वन एवं राजस्व अधिकारी संयुक्त रूप से निरीक्षण कर एनओसी जारी करें। अवैधानिक गतिविधियों में संलग्न व्यक्तियों के विरूद्ध जिला बदर, एनएसए के प्रस्ताव भेजे जाए तथा जो वाहन दो या तीन बार अवैध परिवहन में पकड़े जाते है, उनके राजसात की कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही खनिज की अवैध गतिविधियों में संलग्न लोगो की सूची तैयार कर पुलिस विभाग के माध्यम से सख्त कार्यवाही की जाए । कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री जन मन योजना के हितग्राहियों के समय सीमा में आवास बनाने के लिए चिन्हित व्यक्तियों को जिला प्रशासन की शर्तो के अनुसार बालू परिवहन की अनुमति दी गई है । संज्ञान मे आया है कि कुछ लोगो व्दारा इसका नाजायज लाभ उठाया जा रहा है । ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए तथा वाहनो को राजसात करने की कार्यवाही की जाए ।



बैठक में खनिज विभाग द्वारा नई रेत की खदानों के संचालन के प्रस्ताव रखे गए जिस पर कलेक्टर ने 30 जून तक राजस्व एवं खनिज विभाग को संयुक्त निरीक्षण कर एनओसी जारी करने की समय सीमा तय की । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह, एसडीएम पाली टी आर नाग, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , उप संचालक खनिज फरहद जहां सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## समय सीमा की बैठक संपन्न

**उमरिया।** समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायते अन अटेण्डेंट नही रहे अन्यथा संबंधित एल-1 अधिकारी तथा जिला प्रमुख अधिकारी के विरूध्द कार्यवाही की जायेगी । आपने कहा कि समय सीमा के पत्रों का संबंधित अधिकारी समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराएं। आगामी सप्ताह में सभी समय सीमा के पत्रों का निराकरण अनिवार्य रूप से कर लिया जाए । विभागवार अन अटेंण्डेंट शिकायतों की समीक्षा की जाएगी।



## दुकान में खाद्यान्न कम पाए जाने पर विक्रेता को लगाया जुर्माना

**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बांधवगढ रीता डेहरिया ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान गोपालपुर के विक्रेता द्वारा माह जनवरी 2021 में 481 हितग्राहियो में से 212 हितग्राहियों को राशन वितरण कुल 44.07 प्रतिशत किया गया था, जिसकी दूरभाष में हितग्राहियों द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर 8 जून 2021 को जांच की गई। जांच मे पाया गया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन व्यासधाम स्व-सहायता समूह द्वारा किया जाता है। शासकीय उचित मूल्य दुकान की विक्रेता सरिता नापित आकस्मिक जाँच के समय अनुपस्थित रही। पी.ओ. एस. मशीन के द्वितीय उपयोगकर्ता सहायक विक्रेता रूपलाल साहू द्वारा वितरण करना पाया गया। जाँच के समय जनवरी 2021 में शेष रहे हितग्राहियों को 2 माह जनवरी एवं फरवरी 2021 का वितरण किया जना पाया गया ।

मौके पर उपस्थित हितग्राहियों के कथन लिपिबद्ध किये गये। शिकायतकर्ता एवं हितग्राही सुखराम बैगा पिता स्वर्गीय सतैया बैगा को 2 माह का पात्रता अनुसार गेहूँ व चावल 70 किलो ग्राम प्राप्त होना बताया गया लेकिन नमक व शक्कर 1-1 किलो ग्राम प्राप्त होना बताया गया। हितग्राही इन्द्रवती बाई पति स्व. श्री प्यारेलाल बैगा द्वारा दो माह जनवरी एवं फरवरी 2021 का गेहू व चावल कुल 70 किलो ग्राम लेकिन नमक व शक्कर क्रमशः 1-1 किलो ग्राम प्राप्त होना तथा हितग्राही मोहन सिंह पिता स्व. गिरवर सिंह राठौर द्वारा माह नवम्बर 2020 का निःशुल्क राशन प्राप्त न होना बतलाया गया तथा केरोसीन विगत 3 माह से प्राप्त न होना बतलाया गया, जबकि विक्रेता द्वारा पी.ओ.एस. मशीन से वितरण दर्ज किया गया है।

शासकीय उचित मूल्य दुकान गोपालपुर की दुकान से संलग्न गोदाम का भौतिक सत्यापन करने पर गेहूं 52 बोरी भर्ती 50 किलो ग्राम व 5 बोरी खुली लगभग 28.50 क्विंटल चावल 67 बोरी भर्ती 50 किलो ग्राम लगभग , 33.50 क्विंटल नमक 1 बोरी खुली 30 पैकेट लगभग 0.80 क्विंटल, शक्कर 1 बोरी भर्ती 50 किलो ग्राम व 20 किलो ग्राम खुली लगभग 0.70 क्विंटल केरोसीन 1060 लीटर पाया गया। इस तरह स्टाक रजिस्टर अनुसार गेहूं 155.53 क्विंटल, चावल 130.50 क्विंटल, नमक 3.60 क्विंटल, शक्कर 4.42 क्विंटल व केरोसीन 1917 लीटर अद्यतन पाया गया तथा 8फरवरी 2021 का विक्रय गेहूं 120.84 क्विंटल चावल 92.98 क्विंटल , नमक 7.56 क्विंटल, शक्कर 3.71 क्विंटल व केरोसीन 920 लीटर वितरण करना पाया गया। इस तरह प्रारंभिक स्टॉक व जाँच के समय बिक्री पश्चात गेहूं 34.69 क्विंटल, चावल 37.52 क्विंटल, नमक 2.04 विवंटल, शक्कर 0.71 क्विंटल व करोसीन 997 लीटर होना चाहिए था जबकि भौतिक सत्यापन करने पर गेहूं 6.19 क्विंटल कम, चावल 4.02 क्विंटल कम, नमक 1.24 क्विंटल कम, शक्कर 0.01 क्विंटल कम व केरोसीन 63 लीटर अधिक पया गया इस तरह विक्रेता सरिता नापित द्वारा माह जनवरी 2021 में समय से शासकीय उचित मूल्य दुकान न खोलकर पूर्ण वितरण न करना, हितग्राहियो को माह जनवरी 2021 व फरवरी 2021 के नमक व शक्कर 2 किलो ग्राम की जगह पर 1 किलो ग्राम प्रदाय करना, केरोसीन विगत 3 माह से प्रदान न करना गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आता है। इस तरह विक्रेता सरिता नापित द्वारा किया गया कृत्य मध्यप्रदेश सर्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 कण्डिका 11(1), 11(3), एवं 11(6) का उल्लंघन है। प्रकरण पंजीयन किया जाकर अनावेदक को सूचना पत्र जारी कर तलब किया गया। अनावेदक व्दारा प्रस्तुत नोटिस के जवाब का अवलोकन किया गया जवाब संतोषजन नहीं पाया गया।

संपूर्ण प्रकरण का अवलोकन किया गया। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच कार्यवाही मय प्रतिवेदन में भौतिक मौका पंचनामा व प्रकरण में संलग्न उपभोक्ताओं के कथन एवं विक्रेता के द्वारा प्रस्तुत नोटिस के जवाब का मनन किये जाने पर पाया गया कि अधिरोपित आरोप प्रमाणित है। प्रमाणित आरोपो के लिए अनावेदकगण को दण्डित किया जाना न्यायहित में आवश्यक है ताकि अनावेदक द्वारा भविष्य में खाद्यान्न वितरण के संबंध में शासकीय उचित मूल्य दुकान में त्रुटि की पुर्नवृत्ति न करें।

विक्रेता सरिता नापित द्वारा कृत्यन मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश का उल्लंघन किया गया जो इसी आदेश की कण्डिका 16 के तहत दण्डनीय है। सरिता नापित विक्रेता शासकीय उचित मूल्य दुकान गोपालपुर के विरुद्ध दुकान पर कम पाये गये खाद्यान की कुल राशि 27,687 रु की वसूली सरिता नापित से भू-राजस्व की भांति की जाकर शासन पक्ष में जमा कराये जाने का आदेश पारित किया गया । साथ ही 2000 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। अनावेदक दोनो उक्त राशि आदेश जारी दिनांक से 10 दिवस के अंदर मध्यप्रदेश शासन के विभागीय शीर्ष में चालान जमा करते हुए चालान की दो प्रतियां इस कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## सड़कों पर भारी मात्रा में पड़ी निर्माण सामग्री से लोगों को होती है परेशानी, नपा बनी मूकदर्शक



**कोतमा।** नगर में भवन निर्माणकतार्ओं का मनमाना रवैया लोगों के लिए परेशानी बना हुआ है। इनके स्वयं की सुविधा को लेकर सड़क पर भवन निर्माण सामग्री डलवाने पर हर दिन आवागमन में लोगों को परेशानी होती है। रात्रि के अंधेरे में दिखाई नहीं देने पर इससे टकराने से कई लोग चोटिल होकर घायल हो जाते हैं। नगर पालिका प्रशासन को समस्या से अवगत करवाने व अधिकारियों के कोई कार्यवाही नहीं करने से लोगों में रोष है। नगर में जगह-जगह भवन निर्माण तो मरम्मत के कार्य कर चल रहे हैं। ऐसा कोई मोहल्ला या गली नहीं है, जहां कार्य नहीं चल रहा हो अधिकांश लोगों ने स्वयं की सुविधा के अनुसार निर्माण सामग्री डलवा रखी है। भवन निर्माण कार्य में ईंट, पत्थर, रेता बजरी, लोहा सरिया आदि की जरूरत पर भवन मालिक बार-बार लाने के चक्कर से बचने के लिए एक मुश्त खरीदते हैं। घर के आगे या इसके पास से गुजरने वाली सड़क पर डालते हैं। कई लोग तो सड़क के बीचो बीच सामग्री डालते है। इससे सड़क से आवागमन पूरा ही बंद हो जाता है। इसके अलावा सड़क के बीच रखी निर्माण सामग्री पर आवागमन में राहगीरों, वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है। रात्रि के अंधेरे पर सड़क पर रखी निर्माण सामग्री दिखाई नहीं देती है। इस पर कई वाहन चालक इससे टकराकर चोटिल, व घायल होते है। नगर में जगह-जगह सड़कों पर भारी मात्रा में पड़ी निर्माण सामग्री पर हर दिन हजारों लोग परेशान होते हैं। इससे परेशान कई लोग नगर पालिका को समस्या से अवगत करवा कार्यवाही की मांग कर चुके हैं, लेकिन किसी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। इससे आमजन की परेशानियां कम होने की बजाए बढ़ती ही जा रही है। इससे आमजन में रोष है।

### हर दिन होती परेशानी

नगर में जगह-जगह सड़क पर भवन निर्माण सामग्री पड़ी है। इस पर आवागमन में हर दिन बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। नगर के पुरानी बस्ती ऊपर टोला में निजी भवन मालिक के द्वारा निर्माण करवाया जा रहा है। और बीच सड़क पर ही गिट्टी एवं रेता गिरवा दिया गया है जिससे सड़क पूरी तरह से जाम हो गई है लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। इतना ही नहीं भवन निर्माण करता हूं के द्वारा बीच सड़क पर ही सीमेंट रेता से मसाला बनवाया जाता है जिसके कारण सड़क तो खराब हो ही रही है साथ ही लोगों को आवागमन करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लगभग 6 माह बीतने को है ठेकेदार के द्वारा बस स्टैंड से विद्युत मंडल कार्यालय जाने वाले रास्ते को टीना लगाकर आवागमन अमरुद कर दिया गया है ठेकेदार के द्वारा यात्री प्रतीक्षालय के बगल में ही निर्माण सामग्रियां रखी गई है जिसके कारण पूरा रास्ता ही बंद हो गया है। लोगों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### हो रहे हादसे

शहर के भवन निर्माणकर्ता के मनमाने रवैये से हर दिन हजारों लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। रात्रि के अंधेरे में निर्माण सामग्री दिखाई नहीं देने पर हादसे होते हैं।

## क्षेत्र में बेतहाशा चोरी से आम लोगों का जीना हुआ मुहाल

**कोतमा।** क्षेत्र में बेतहाशा हो रही चोरी की घटनाओं ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है आए दिन घरों एवं दुकानों के टूट रहे हैं ताले, बीच बाजार खड़ी दो पहिया वाहन की चोरी सहित धार्मिक स्थल मंदिरों में लगातार हुई चोरी ने नगरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। कुछ दिनों पूर्व ही भाजपा नेता राजेश सिंह के निवास में अज्ञात चोर गिरोह द्वारा ताला तोड़ते हुए सोने चांदी के गहने व नगदी की चोरी कर ले गए थे जिसका खुलासा नहीं हुआ कि फिर दो दिनों के अंदर दो चोरी की घटनाएं घटित हुई। कपड़ा व्यापारी विपुल गोयनका के यहां गोदाम में हुई लाखों की चोरी की जांच अभी चली रही थी कि रविवार बाजार को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश ताम्रकार जो सब्जी खरीदने बाजार आए थे आजाद चौक के समीप किसी अज्ञात जेब कतरे द्वारा उनकी जेब को काटते हुए वीवो कंपनी का कीमती मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। चोरी की शिकायत भाजपा नेता द्वारा थाना कोतमा में दी गई जिसके बाद पुलिस ने आनंन फानन में कुछ संदेहियों को थाने लाकर पूछताछ प्रारंभ कर दी है। आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से नगर के व्यापारी एवं आम नागरिक भयभीत हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ पात्र रोगियों को दें - कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि आयुष्मान कार्डधारी रोगी तथा गंभीर रोगियों को आवश्यक होने पर एयर एंबुलेंस की सुविधा दें। इसके लिए जिला स्तर पर समयबद्ध प्रक्रिया की निर्धारित करें। जिला चिकित्सालय तथा मेडिकल कालेज में इसके लिए नोडल अधिकारी तैनात करें। रोगी को उपचार की तत्काल सहायता प्राप्त हो सके इसके लिए प्रक्रिया तत्काल पूरी कराकर एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराएं। जो भी गंभीर रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति हो उसे पीएम श्री एंबुलेंस सेवा का लाभ देना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि एयर एंबुलेंस सेवा का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं जिससे हर पात्र रोगी इसका लाभ ले सके। आयुष्मान कार्डधारी रोगी को राज्य के भीतर और बाहर सभी सरकारी अस्पतालों में एयर एंबुलेंस से निःशुल्क परिवहन की सुविधा है। दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अनुसंशा पर कलेक्टर द्वारा संभाग के अंदर के सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जाएगी। संभाग के बाहर के अस्पतालों के लिए आयुक्त स्वास्थ्य मंजूरी देंगे। एयर एंबुलेंस की सुविधा मिलने से गंभीर रोगियों के उपचार में देरी नहीं होगी। बैठक में मेडिकल कालेज के डीन डॉ अग्रवाल ने एयर एंबुलेंस की सुविधा देने के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, डॉ एमएल गुप्ता, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव तथा अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

### राजस्व अधिकारी राजस्व वसूली में लाएं तेजीः कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में राजस्व अनुविभागवार राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप प्रथम त्रैमास की वसूली सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी को मासिक राजस्व वसूली के लक्ष्य दिए जाएं तथा उन्हें पूरा कराया जाए। लक्ष्य प्राप्त नही करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम पाली टी आर नाग, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### युवाओं ने वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर किया नमन

**उमरिया।** चन्देलों की बेटी थी, गौंडवाने की रानी थी, चण्डी थी, रणचण्डी थी, वह दुर्गावती भवानी थी।अपनी अंतिम सांस तक मुगलों को नाकों चने चबवाने वाली, अदम्य साहस और शौर्य की प्रतीक, महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा उमरिया रेलवे चौराहे पर स्थापित वीरांगना रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा पर माला अर्पण कर एवं नारे बाजी करके उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि शेरनी थी वह इस माटी की, जिससे हर दुश्मन थर्राते थे! शत्रु भी जिसकी जय बोल उठे,वह वीरांगना दुर्गावती थी। महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं।उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती भारत की उन वीरांगनाओं में से एक हैं, जिन्होंने अपने शौर्य और साहस से वीरता एक नई इबारत लिखी। रानी दुर्गावती ने किसी के आगे घुटने नहीं टेके और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। उनका साहस और बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।रानी दुर्गावती गोंडवाना अंचल ही नहीं पूरे देश की शान थीं। उनका शौर्य आज भी अनुकरणीय और नारी शक्ति के गौरव व गरिमा का प्रतीक है।




# उमरिया जिले के पाली क्षेत्र में बनाई जा रही थी जहरीली शराब

### आबकारी ने कशा शिंकजा

आबकारी विभाग उमरिया ने छापेमारी कर करीब 700 लीटर लाहन नष्ट की प्रेदश के कई जिलो में इन दिनों कच्ची जहरीली शराब पीने से मृत्यु हो जाने की खबरे लगातार सामने आ रही हैं।

बिरसिंहपुर पाली।





जिसको लेकर उमारिया जिलां प्रशासन अलर्ट मोड पर है कच्ची शराब को लेकर इन दिनों शक्ति से कार्यवाही कर रही आबकारी विभाग, उमरिया जिले के कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देश में जिलां आबकारी अधिकारी गोपाल सिंह राठौर के मार्गदर्शन में जिले सहित पाली के क्षेत्र में जहरीली शराब को लेकर आबकारी इंस्पेक्टर दिनकर तिवारी के द्वारा पाली क्षेत्र के ग़ज़रहानाला,मंगठार,पाली सहित अन्य स्थानों पर छापेमारी करते हुए 700 किलो महुआ लाहन,40 पाव देशी मदिरा प्लेन 18 लीटर हाथ भट्ठी जहरीली शराब पर कुल 07 प्रकरण दर्ज करते हुए आबकारी विभाग उमरिया के द्वारा एक बड़ी कार्यवाही की गई हैं इंस्पेक्टर दिनकर तिवारी ने कहा कि जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी रहेंगी

## नीट परीक्षा निरस्त कर नये सिरे से आयोजित करे सरकारः ए.आई.एफ.बी.



**रीवा ।** नीट परीक्षा मे हुई गड़बड़ी को लेकर देश भर में इस परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के साथ ही. उनके अभिभावक परेशान हो रहे हैं। वहीं विपक्ष लगातार सरकार को घेर रहा है। ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने नीट परीक्षा को लेकर केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक की गई कार्यवाही मात्र एक खानापूर्ति है। उन्होने आगे कहा कि यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और सरकार ने जिस तरह से एनटीए के महानिदेशक को हटाया है जो पेपर लीक होने का द्योतक है। परीक्षा में हुई गड़वड़ियों की जांच सीबीआई को सौपी जाना भी इस बात का सबूत है कि सरकार ने पेपर लीक होना स्वीकार कर लिया है। कल्चुरी ने कहा कि सरकार के अब तक की कार्यवाही से अन्याय का शिकार हुए छात्रों को कोई भी न्याय मिलता नहीं दिखता। नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों को न्याय तभी मिलेगा जब पूरी परीक्षा निरस्त कर दुबारा परीक्षा नये सिरे से आयोजित की जाय।

## पेंशन प्रकरण 30 जून तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें - कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा है कि 31 मई तक सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण तत्काल प्रस्तुत करें। आवश्यक अभिलेखों के साथ पेंशन प्रकरण 30 जून तक संभागीय पेंशन कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। पूर्व से दर्ज पेंशन प्रकरणों में यदि किसी तरह की कमी है तो उसकी भी एक सप्ताह में पूर्ति कराकर लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर पेंशन प्रकरणों के निराकरण की टीएल बैठक में समीक्षा करें। कार्यालयों के निरीक्षण के समय भी लंबित पेंशन प्रकरणों की जानकारी लें। यदि किसी कार्यालय में बिना उचित कारण के पेंशन प्रकरण लंबित पाया गया तो संबंधित कार्यालय प्रमुख और पेंशन शाखा के लिपिक के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## जिले में अब तक 21.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में एक जून से अब तक 21.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें तहसील हुजूर में 24.2 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 12 मिलीमीटर, गुढ़ 4 मिलीमीटर, सिरमौर 40.2 मिलीमीटर, त्योंथर 8 मिलीमीटर, सेमरिया 27 मिलीमीटर, मनगवां 22 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 37 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष 24 जून तक 10.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## ग्राम पंचायत की निर्माणधीन पीसीसी रोड चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

**मऊगंज।** एक और मध्य प्रदेश की सरकार भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए दावा करती है लेकिन कुछ जिम्मेदार के द्वारा प्रदेश सहित जिले के आला अधिकारी की छवि को धूमिल करने में तुले हुए हैं ऐसा ही मामला मऊगंज जिले के हनुमना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खैरा क्रमांक 3 का आया है जहां पंचायत में निर्माण कार्य भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ा दिया गया है। जहां सरपंच, सचिव एवं उपयंत्रिकी की मिली भगत से व्यापक तौर पर भ्रष्टाचार एवं अनियमिता की जा रही है। ग्राम पंचायत के लोगों के द्वारा सीईओ के पास शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता के द्वारा बताया गया है कि खैरा क्रमांक 2 के ग्राम पंचायत तीन के पुश्तैनी निवासी हैं जहां इस समय पीसीसी रोड सड़क महारानी मंदिर से हनुमान तिवारी के घर तक निर्माण किया जा रहा है।जिसमें गुणवत्ता विहीन पीसीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है सड़क निर्माण में आईसीसी का क्रकरीट की जगह भस्सी सोलिंग लगभग 2 इंची की ऊंचाई वाली रोड का निर्माण किया जा रहा है।सड़क के बरसात के मौसम में बह जाने की पूर्ण संभावना है।जिसका विरोध ग्राम वासियों के द्वारा किया गया इस संबंध में जहां इंजीनियर के पास भी कई बार शिकायत की गई लेकिन सरपंच सचिव एवं इंजीनियर की मिली भगत से इस पीसीसी रोड का निर्माण किया जा रहा वही बात की जाए पंचायत में मनरेगा में फर्जी मास्टर रोल भी जारी किए जा रहे हैं।जांच की जाए तो पंचायत में कई भ्रष्टाचार सामने आएंगे जिस पंचायत के जिम्मेदार सहित इंजीनियर की मिलीभगत सामने आई है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर जांच नहीं होगी तो जिला कलेक्टर के पास शिकायत की जाएगी। बात की जाए हनुमना जनपद पंचायत सीईओ इन दिनों बैसाखी प्रभारी के भरोसे चल रहा है क्योंकि प्रभारी जनपद पंचायत सीईओ का ज्यादातर समय जिला रीवा मुख्यालय में ही रहते हैं।



## स्कूल चले अभियान सिर्फ कागजों तक सीमित स्कूलों के नहीं खुल रहे ताले, नहीं बन रहा मध्यान भोजन

**मऊगंज।** प्रदेश भर में प्रवेशोउत्सव कार्यक्रम स्कूलों में आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा 18 जून से 20 जून तक मनाने की घोषणा की गई थी,और खुद मुख्यमंत्री द्वारा द्वारा स्कूल में प्रवेशोउत्सव मनाया गया एवं जिले के कलेक्टर द्वारा शहर के स्कूलों में प्रवेशोउत्सव मनाया गया, और छात्रों को तिलक लगाए गए एवं पुस्तके वितरित की गई। किंतु मऊगंज जिले के अधिकतर विद्यालयों के ताले ही नहीं खुल रहै है।केवल हायर सेकेंडरी स्कूलों में 2-4 टीचरों की उपस्थिति देखी जा रही है। संकुल के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के ताले नहीं खुल रहै है। साथ में ही विद्यालयों में विशेष भोजन की व्यवस्था होना तो दूर मध्यान भोजन बनाने के लिए विद्यालय के रसोई में चूल्हे तक नहीं जले। जिससे जिलाशिक्षा अधिकारी,जिला प्रशासन की व्यवस्था पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। इसी तरह संकुल के प्राचार्य द्वारा प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेशोउत्सव ना मनाए जाने की अनदेखी की गई है।जबकि प्राथमिक विद्यालय मे कक्षा 1 मे सबसे अधिक प्रवेश लिए जाते है,इसी तरह पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे कक्षा 6मे प्रवेश लिए जाते है।लेकिन मऊगंज जिले के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में वही पुराना ढर्रा आज भी कायम है। और विद्यालयों में ताले बंद है। जिला प्रशासन का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है।

## मानसिक रूप से विकसित बच्चों के शिक्षण-प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु साक्षात्कार 26 जून को

**रीवा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित मानसिक रूप से अविकसित बच्चों के गृह में प्रवेश 18 जून से प्रारंभ हो गया है। इच्छुक अभिभावक दिव्यांग बच्चों को प्रवेश दिलाने हेतु आवेदन 26 जून को दोपहर 12 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए साक्षात्कार 26 जून को ही दोपहर 12.30 बजे से होगा।

अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र 6 से 12 वर्ष के बीच हो, जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा 40 प्रतिशत विकलांगता प्रमाण पत्र, बच्चे को संक्रामक रोग न हो तथा उसे शौच आदि संबंधी आदतें भली-भांति आती हो। आवेदन के साथ राशन कार्ड, आधार कार्ड, चाइल्ड समग्र आईडी कार्ड, यूआईडी, परिवार समग्र आईडी, मोबाइल नम्बर, बैंक खाता नम्बर तथा जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी मोबाइल नम्बर 9893925290, 9303941665, 9179212330 एवं 99812229000 से प्राप्त की जा सकती है।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच आज सिरमौर में करेगी सुनवाई

**रीवा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच 25 जून को सिरमौर में बच्चों के अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई करेगी। शिविर में चिन्हित बच्चों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से सिरमौर तथा जवा विकासखण्डों के बच्चे शामिल होंगे। इनका पंजीयन सुबह 9 बजे से सामुदायिक भवन में शुरू हो जाएगा। शिविर की कार्यवाही सुबह 10 बजे से आरंभ होगी। शिविर में बच्चों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने तथा अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने की व्यवस्था की गई है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल बोर्ड की टीम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी तथा दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। छात्रवृत्ति वितरण, खाद्यान्न वितरण, शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा यौन दुर्व्यवहार के प्रकरणों की सुनवाई भी की जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार द्वारा सीपीसीआर अधिनियम 2007 के तहत गठित संवैधानिक निकाय है। आयोग का मुख्य उद्देश्य बच्चों को संविधान के विभिन्न प्रावधानों के तहत दिए गए अधिकारों का लाभ देने के लिए प्रत्येक बच्चे को सक्षम बनाना है। आयोग की बेंच सुनवाई के दौरान बच्चे, उसके माता-पिता, संरक्षक अथवा बच्चे की देखभाल करने वाले द्वारा प्रस्तुत शिकायतों की सुनवाई करेगी। शिविर में बालश्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास, एसिड हमले के पीड़ितों, निराश्रित बच्चों, शारीरिक दुर्व्यवहार और शोषण से पीड़ित बच्चों तथा घरेलू हिंसा के शिकार बच्चों के प्रकरणों की सुनवाई करेगी। शिविर में पुलिस द्वारा बच्चों के दुर्व्यवहार, अवैध दत्तक ग्रहण, बच्चों के खिलाफ हिंसा, बच्चे की तस्करी, सड़कों पर बेसहारा तथा भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों, दिव्यांगता से पीड़ित बच्चों की शिकायतों पर भी सुनवाई की जाएगी। बच्चों के कल्याण से जुड़ी योजनाएं तथा कार्यक्रम संचालित करने वाले सभी विभाग शिविर में उपस्थित रहेंगे।

## सुन्दरकाण्ड परिवार के तत्वाधान में 101 पौधे लगाये गए





**रीवा।** सुन्दरकाण्ड परिवार में तत्वाधान में आज विंध्यांचल कॉलोनी पुलिस लाइन रीवा में 101 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की मुहीम की शुरुवात की गई जिसमे आम आवंला, जामुन, नीम, पीपल कटहल अमरुद आदि के पेड़ सभी सदस्यों द्वारा लगाये गए, इसके पश्चात सुन्दरकाण्ड परिवार के सभी सदस्यों द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया ! विदित हो की सुन्दरकाण्ड परिवार शहर में धार्मिक आयोजनों के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी कार्यक्रम आयोजित करता है वृक्षारोपण कार्यक्रम में पुलिस लाइन के आला अधिकारी उपस्थित रहे एवं सुन्दरकाण्ड परिवार रीवा के संयोजक अतुल श्रीवास्तव ,अध्यक्ष पूनम मिश्र, संरक्षक ममता सिंह, उपाध्यक्ष राखी पाण्डेय, सचिव कोमल मोटवानी, डॉ विकास श्रीवास्तव, प्रगति श्रीवास्तव, मंजूषा तिवारी, दीपाली सिंह, सुधीर तिवारी, इत्यादि सदस्यों ने बढ़ चढ़कर वृक्षारोपण में अपना योगदान दिया।

## शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर नगर निगम अधिकारियो की कार्यवाही झोर शोर से





**रीवा।** शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 24.06.2024 को उर्रहट में स्थित उप्पल मोटर्स एवं नेशनल हास्पिटल द्वारा निर्माण कार्य हेतु सड़क पटरी पर गिट्टी का ढेर लगाये जाने से यातायात बाधित हो रहा था जिस पर अतिक्रमण प्रभारी द्वारा रू. 500-500 की चालानी के साथ 5 ट्राली गिट्टी की जप्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही कहा गया कि दुबारा अतिक्रमण किये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। धोबिया टंकी से बिछिया हास्पिटल तक एवं शहर के प्रमुख मार्गो पर सड़क पटरी पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण को खाली कराया गया।

## खबर संक्षेप



### ड्यूटी समय में भी घोड़े बेचकर सो रहे कर्मचारी

**अनूपपुर।** पीएचई विभाग के स्थापना शाखा अनूपपुर के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में पदस्थ कर्मचारियों का कार्यालय समय पर भी आराम की जरूरत पड़ रही है। यह नजारा सोमवार की सुबह की है जब कार्यालय के स्थापना शाखा के बड़े बाबू सुबह 11:30 बजे भी आराम पर नजर आए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूपपुर पीएचई विभाग के डिवीजन ऑफिस में पदस्थ रामपाल सिंह स्थापना शाखा का काम देख रहे हैं जो सोमवार के दिन के लगभग 11:30 बजे अपनी कुर्सी में बैठकर नींद के खर्राटे मारते नजर आए। जिस दौरान वह नींद की झपकियां ले रहे थे तो उनकी यह नींद को पत्रकार ने कैमरे में कैद हो गई। जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उनका कहना था कि मैं सो नहीं रहा था। सरकारी आदेश के बाद कार्यालय जहां 5 दिन के हो चले हैं ऐसे में सोमवार को कार्यालय खुलने के साथ ही स्थापना में पदस्थ बड़े बाबू नींद लेते नजर आए। यह पहला मामला नही है कि अधिकारी कर्मचारी कार्यालय में काम करने की बजाय सोते नजर आए हैं। इसके पहले भी बहुत सारे मामले आ चुके हैं मगर ऐसे अधिकारी कर्मचारी पर विभाग द्वारा कोई भी कार्यवाही नही की जाती जिसके कारण ऐसे लोगो का डर पूरी तरह खत्म हो गया है।

### सभी अधिकारी समन्वय के साथ वन भूमि के प्रकरणों करें निराकरण : कलेक्टर

**अनूपपुर।** विभिन्न विभागों के जनहित से जुड़े संचालित निर्माण कार्यों में वन विभाग से संबंधित अनापत्ति एवं वनाधिकार आदि के संबंध में अंतर विभागीय अधिकारियों तथा वन विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने बैठक कर वन विभाग से संबंधित सभी समस्याओं का नियमानुसार निराकरण अंतर समन्वय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला वनमण्डलाधिकारी श्रद्धा पेन्द्रे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा एसडीओ वन श्री खत्री सहित वन एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सड़क मार्ग, पीएमजीएसवाई, पीआईयू, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, खनिज विभाग तथा नगरीय निकाय अमरकंटक कपिलधारा बैराज हेतु वनभूमि पर चर्चा, पसान पेयजल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन सर्वे कार्य, राजनगर एवं बनगवां सड़क सदृढ़ीकरण से संबंधित लंबित प्रकरणो पर चर्चा की गई। वन विभाग के अधिकारी ने लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु दस्तावेजी संबंधी कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी। बैठक में जिन कार्यों में जॉइंट सर्वे किया जाना है उसे शीघ्र किए जाने के संबंध में तिथि सुनिश्चित कर सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर प्रकरणों के निराकरण के संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए।

### स्व सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त करने किए जाएं सार्थक प्रयास



**अनूपपुर।** आजीविका के माध्यम से स्व सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त करने कि सार्थक प्रयास किए जाएं। आजीविका आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए महिलाओं को सकल यूनिट उत्पाद का एक्सप्लोजर विजिट कराया जाए। उक्ताशय के विचार कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह की महिलाओं के आजीविका संवर्धन गतिविधि की समीक्षा करते हुए कही। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, लीड़ बैंक प्रबंधक, ग्रामीण आजीविका मिशन के डीपीएम, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, वॉटर शेड़ एवं एनआरएलएम के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

## वर्षा जल को सहेजने मे कंजूसी!

# वाटर हार्वेस्टिंग योजना कागजों में हुई दफन



### वर्षा जल से कल को संवारने में अधिकारियों की नहीं दिख रही रूचि

एक बार फिर जिले भर मे गर्मियों में विकराल जलसंकट के बाद बारिश का दौर शुरू हो गया है लेकिन वर्षा जल से कल को संवारने मे अधिकारी और जागरूक लोगों द्वारा कोई रूचि नहीं दिखाई जा रही है।

अनूपपुर।

दरअसल धरती से जितनी तेजी से पानी निकाला जाता है उसी तेजी से वर्षा का जल धरती मे नहीं पहुंचाया जा रहा जिसमे वर्षा जल न सहेजने से आगामी गर्मियों में पुनः आम जनता को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा जिसमे शासन व प्रशासन स्तर पर अभियान तो चलते है लेकिन वे सरकारी ढर्रे से बाहर नही निकल पा रहे हैं।

हर साल जल संकट से निपटने बड़ी बड़ी योजनाएं बनती है इन योजनाओ पर लाखो करोडो रुपए खर्च भी होते है लेकिन फिर भी आमजनता को गर्मी मे जलसंकट जैसी समस्याओ का सामना करना ही पडता है इसका एक मुख्य कारण वर्षा जल को सहेजने मे कंजूसी भी है। दरअसल बारिश के वक्त अधिकारियो द्वारा ना तो भूमि जल को सहेजने मे दिलचस्पी दिखाई जाती है और न तालाबो और जलाशयो का गहरीकरण कर अधिक से अधिक जल सहेजने मे रूचि ली जाती है परिणाम स्वरूप गर्मी आते ही जल स्तर साथ छोड़ देते है और आमजनता को पेयजल के लिए यहां वहां कोसो भटकना पड़ता है।

### गर्मी मे जल संकट की होती शुरूआत

गर्मी आते ही लोगो के नही प्रशासन के चेहरे पर भी जलसंकट से निपटने की चिंता झलकने लगती है इस वर्ष भी यही स्थिति उत्पन्न हो गई और पंचायतो मे जल संकट विकराल रूप धारण कर लेने से जनता को काफी परेशान होना पड़ा तो वही नगरीय क्षेत्रो मे भी पानी के लिए पानी के समान रुपए खर्च कर हजारो लाखों रुपए का डीजल जलाकर टैंकरो के माध्यम से पानी पहुंचाया जाता रहा है। फिर भी लोगो को पर्याप्त पानी नही मिल पाया और पानी के लिए जद्दोजहद करते नजर आई जनता इतना ही नही गर्मी के मध्य सैकडो हैंडपंप भी हवा उगलते नजर आये।

### कागजों में योजना

जल संकट से उभरने के लिए ब्लॉक से लेकर जिला स्तर यहां तक कि प्रदेश स्तर पर भी ढेरों योजनाएं बनती है सोख्ता गड्ढे, रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम, बोरी बंधान सहित अनेको योजनाएं तो शासन प्रशासन बनाता है लेकिन हकीकत मे कई योजनाएं केवल कागजो पर ही सिमटकर रह जाती है यानि योजनाओ मे जल तो सहेजा जाता है लेकिन यह जल केवल कागजो मे ही जलस्तर को बढाता है।



**ये करना चाहिये**

* बारिश पूर्व जलस्रोतों की सफाई।
* हैंडपंपो के समीप सोख्ता गडढो का निर्माण।
* जलस्रोतों को रिचार्ज करने की व्यवस्था।
* जल सहेजने के लिए लोगो को जागरूक किया जाए।
* वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम घरो पर लगाना अनिवार्य हो।

### तेजी से जल का दोहन

धरती का सीना चीरकर तेजी से जल का दोहन किया जाता है लेकिन उसी तेजी से धरती मे जल नही पहुंचाया जाता है ग्रामीणांचलो मे भी ट्यूबवेल के माध्यम से पानी धरती से निकाला जाता है परन्तु धरती के जल को रिचार्ज करने के लिए कोई उपाए नही होते। खास बात यह है कि सीमेंटीकरण के कारण भी धरती के गर्भ तक बारिश का पानी नही पहुंच पाता जिससे जल्द ही जल स्तर गिर जाता है पर बारिश प्रारंभ होने के बाद भी अभी तक प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा पानी सहेजने के लिए कोई मुहिम चलते नजर नही आये है शायद शासन की इन योजनाओ पर अधिकारी अमल करना अपनी जिमेदारी नही समझते है जिस कारण पुनः बारिश का पानी सहेजने की वजह बहा देने ज्यादा जरूरी समझते हैं।

### निजी व सरकारी दोनो जगह नही दिखते वाटर हार्वेस्टिंग

पानी को सहेजने वाली योजना मे से एक योजना और शासन ने संचालित की है। वाटर हार्वेस्टिंग योजना जिसमे प्रशासन के प्रचार और आमजन को समझा कर आम जन से अपने घरो के निर्माण करने के साथ घरो पर वाटर हार्वेस्टिग लगाने अनिवार्य था परन्तु तहसील मे मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचल सहित शासकीय भवनो मे तक वाटर हार्वेस्टिंग नजर नही आ रहा है जिससे बारिश का पूरा पानी बह जावेगा और आगामी गर्मी मे फिर प्रत्येक वर्ष की तरह गर्मियों मे पानी की किल्लत से पूरे क्षेत्र की जनता को जल संकट का सामना करना होगा पर जिम्मेदार प्रशासन भी पानी सहेजने के लिए सजग नजर नही आ रहा है जिससे बारिश के दस्तक देने के बाद भी कही हैण्डपंपो पर सोख गड्ढे भी नजर ही नही आ रहे तो कही सोख गडढो पर सफाई होती नजर नही आ रही तो कही वाटर हार्वेस्टिंग लगते नजर नही आ रहे है ऐसे कैसे पानी को रोका जा सकेगा।

# हाथियों के विचरण से ग्रामीण परेशान

## नहीं निकल रहा कोई कारगर उपाय



अनूपपुर।

जिले के अनूपपुर एवं जैतहरी थाना, तहसील एवं रेंज अंतर्गत गांव से लगे जंगल में दो नर हाथियों ने विगत 9 दिनों से निरंतर डेरा जमाए हुए हैं जो दिन के होते ही जंगल के बीच जाकर पूरे दिन आराम करने बाद देर शाम एवं रात होने पर आसपास के ग्रामीण अंचलों में ग्रामीणों के घरों में रखे अनाज को खाने के लिए घरों को तोड़ने, खेत एवं बाड़ी में लगे अनाज तथा विभिन्न तरह की सब्जियों, फलों को अपना आहार बनाते रात भर विचरण कर रहे हैं जिससे ग्रामीण जन में परेशान है, जिससे ग्रामीणों में तनाव एवं अशांति का माहौल बना हुआ है वहीं कुछ ग्रामीण अपने घर एवं खेत एवं बड़ी को हाथियों के प्रवेश से रोकने के लिए आपत्तिजनक उपाय का प्रयोग करने को बाध्य हो रहे हैं। विगत दिनों हाथियों के निरंतर विचरण की सूचना पर अनूपपुर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के साथ आलाधिकारियों ने हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए एक बार फिर से इस समस्या के समाधान का जल्द ही रास्ता निकालने का आश्वासन दिया वहीं सोमवार की दोपहर अनूपपुर वन मंडलाधिकारी सुश्री श्रद्धा पेन्द्रे ने भी हाथी प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों के साथ वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों से हाथियों के विचरण के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराकर शीघ्र ही समाधान निकालने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया।

यह दोनों हाथी शनिवार की सुबह प्रत्येक दिन की तरह गोबरी के जंगल में पूरे दिन विश्राम करने बाद देर रात जंगल से निकाल कर ठेंगरहा-पगना मुख्य मार्ग को पार कर अनूपपुर थाना एवं वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत पंगना के ग्राम बांका निवासी महादोले सिंह के घर ग्रामीणों एवं गस्ती दल को चकमा देते हुए अचानक पहुंच गए। हाथियों की आहट सुनकर महदोले का परिवार घर छोड़ दूर खड़े होकर हो-हल्ला कर रहा था इसी बीच सूचना मिलने पर हाथी विचरण दल में लगे वन तथा पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी स्थल पर पहुंचकर पटाखा एवं अन्य माध्यमों से दोनों हाथियों को महदोले के घर के पास से दूर भगाए जो पूरी रात विचरण करने बाद सोमवार की सुबह 9 में दिन फिर से गोबरी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं।

### राखड़ से ओव्हरलोड हाईवा ने बाइक सवार को मारी टक्कर, महिला घायल

**अनूपपुर।** जैतहरी के पावर प्लांट मोजर बेयर से फ्लाई ऐश (राखड) एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र बंद पड़ी हरद ओसियम मे खदान राखड डंपिंग का कार्य ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से एचआरसी कंपनी के द्वारा ट्रांसपोर्टिंग किया जा रहा है। भालूमाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम कुशियारा रेलवे अंडर ब्रिज के पास ओवरलोड फ्लाई ऐश हाईवा ने बाइक सवार पति पत्नी लखन शुक्ला, प्रीति शुक्ला दवाई करने के लिए मेडिकल कॉलेज शहडोल जा रहे थे तभी अचानक ओवरलोड हाईवे ठोकर मार दी। ठोकर लगने से पति पत्नी और ओवरलोड हाईवा का अगला टायर महिला के पैर मे चढ गया जिस महिला का पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। महिला के उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज शहडोल एंबुलेंस के माध्यम से भेजा गया है, जहां पर महिला का उपचार जारी है। कुशियारा रेलवे फाटक अंडर ब्रिज के दोनों साइड रेलवे विभाग के द्वारा ब्रिज के दोनो साईड लोहे का बेरीकेट लगा कर रखा है जिससे अंडर ब्रिज को किसी भी ओवरलोड वाहन से नुकसान न पहुंचे परंतु जैतहरी के पावर प्लांट मोजरबेयर से फ्लाई ऐश (राखड) लगातार ओवरलोड करके ट्रांसपोर्टिंग एचआरसी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। कुशियरा अंडर ब्रिज के पास लगे बेरिकेट के पहले ही ओवरलोड हाईवा एमपी 34 एच 1080 को बेरीगेट के बगल से निकाल रहा था तभी पगडंडी रास्ता से बाइक सवार दंपति आ गए और आपस में भिड़ंत हो गया। हाईवे का अगला चक्का महिला के पैर में चढ़ गया। आनन-फानन हाईवा ड्राइवर तत्काल गाड़ी को बैक करके सड़क में लाकर खड़ा करके फरार हो गया।



**इनका कहना है**

हाईवा को थाने मे लाकर खड़ा कर दिया गया है। एक्सीडेंट व ओवरलोड सहित हर बिन्दुओ पर जांच कर कार्रवाई की जायेगी

राकेश उईके, भालूमाड़ा थाना प्रभारी

## कैलेंडर के अनुरूप विद्यार्थियों का कराएं अध्ययन : कलेक्टर

### समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न



**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कहा है कि जिले में छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान किया जाए। छात्रों को शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किया जाए। उन्होंने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रों को वार्षिक कैलेंडर का निर्धारण कर उसके अनुरूप छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जाए। कैलेंडर में छात्रों के परीक्षा, टेस्ट तथा अन्य शिक्षण गतिविधियों की जानकारी उल्लिखित हो। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति योग्यता एवं आवश्यकता के अनुरूप किया जाए। जिससे शिक्षक छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दे सकें। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर श्रीमती दीप शिखा भगत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी श्रीमती अंजली द्विवेदी सहित अन्य विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से जिले में संचालित अस्पताल एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों में निरीक्षण के दौरान फायर एनओसी के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि फायर एनओसी के निरीक्षण के दौरान कमी पाए जाने वाले अस्पतालों एवं प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी करने के साथ जुर्माने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से राजस्व वसूली के प्रगति के संबंध में समीक्षा करते हुए जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों को समय सीमा में शत-प्रतिशत राजस्व वसूली करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों से जिले में यूरिया डीएपी तथा एनपीके की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सहकारी केंद्रो का समय-समय पर निरीक्षण कर खाद्य एवं बीजों के उपलब्धता की मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत के माध्यम से किसानों को डीएपी की कमी के संबंध में अवगत कराते हुए उन्हें एनपीके के संबंध में जानकारी प्रदान किया जाए।

# नगर पालिका की मनमानी पर पार्षद हुए लामबंद

## नगर पालिका अध्यक्ष व परिषद पर लगाए मनमानी के आरोप

कोतमा।

कोतमा नगर पालिका अंतर्गत भाजपा के दो पार्षदों ने परिषद के कार्य पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसकी जांच कराए जाने की मांग की है साथ ही कार्यवाही नहीं होने पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की चेतावनी भी दी गई है। ज्ञात हो कि नगर पालिका कोतमा के वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद अभिषेक सराफ ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से वार्ड क्रमांक 2 में 1 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे सड़क की उपयोगिता पर प्रश्नचिन्ह खड़े करते हुए शिकायत में उल्लेखित कर बताया कि वार्ड क्रमांक 2 में इस सड़क का निर्माण कराया जा रहा है जिससे सिर्फ कुछ चिन्हित लोगों को फायदा मिलेगा। इसके साथ ही इस मार्ग पर वर्तमान में कोई भी आवागमन नहीं है जो आवागमन है उसके लिए पूर्व से अटल गेट से शारदा मंदिर रोड निर्मित है। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 2 में सरकारी गली में अतिक्रमण कर कर नगर पालिका के द्वारा कुछ चिन्हित लोगों को लाभ दिया जा रहा है जिसकी शिकायत भी कई बार किए जाने के बावजूद सीएमओ कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। वार्ड क्रमांक 9 कलमुड़ी में लाखों रुपए की लागत से नाली का निर्माण कराया गया है जबकि इस नाली से सार्वजनिक निस्तार का पानी नहीं जा रहा है और ना ही नाली की आवश्यकता थी इसके बावजूद दोनों तरफ गुणवत्ता विहीन नाली का निर्माण कराया गया। नालियों को ढकने के लिए स्लैब ढकने का कार्य ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है जिसमें गुणवत्ता विहीन स्लैब तैयार करते हुए भ्रष्टाचार किया जा रहा है।



### अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी

नगर पालिका कोतमा के ही वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद राजेंद्र सोनी रज्जू ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोतमा को वार्ड क्रमांक चार दमकी टोला में राजू चौहान के घर से साइन धाम कॉलोनी तक सीसी रोड का कार्य किया जाना था जिसका टेंडर 6 माह पूर्व हो चुका है और अब तक ठेकेदार के द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है इसके साथ ही यह मोहल्ला नाली, नल जल आदि सभी सुविधाओं से वंचित है जिस वार्ड वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी सूचना कई बार नगर पालिका को दिए जाने के बावजूद इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे आक्रोशित वार्ड पार्षद ने 10 दिन के भीतर कार्य प्रारंभ नही किए जाने पर 26 जून से नगर पालिका कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल अनशन में बैठने की चेतावनी दी गई है।